एक नजर में

## वामपंथी समाजवादी दलों ने किया प्रदर्शन



इंदौर. गत 22 जुलाई को इंदौर प्रेस क्लब में देवास से आए आदिवासियों और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बजरंग दल के देवास के ही कार्यकर्ताओं द्वारा मारपीट किए जाने के विरोध में वामपंथी समाजवादी दलों के प्रदर्शन को रोकने के लिए गांधी प्रतिमा तिराहे को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था. फिर भी वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता के चलते तमाम कार्यकर्ता पहले ग्वालटोली थाने पर इकट्ठा हुए और वहां से वाहनों पर सवार होकर तुकोगंज थाने पहुंचे. हालांकि कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया. इनमें सीपीएम केसी एल सर्रावत और भागीरथ कछवाय भी थे. जबकि सीपीआई के रुद्रपाल यादव को उनके घर से ही पुलिस ने गिरफ्तार किया. अधिकांश कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री, जनता दल के प्रदेश महासचिव हरिओम सूर्यवंशी सीपीएम के प्रदेश सचिव कैलाश लिंबोदिया और एसयूसीआई के प्रमोद नामदेव के नेतृत्व में तुकोगंज थाने पहुंचे. वहां पर कार्यकर्ताओं ने बड़ी देर तक नारेबाजी कर बजरंग दल के अपराधी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने और शहर में आगे से ऐसी घटना घटित ना हो इसकी व्यवस्था करने की मांग की. बाद में कार्यकर्ताओं ने एसीपी के माध्यम से इंदौर के पुलिस कमिश्नर को उक्त ज्ञापन भी दिया जिसमें उक्त मांगे की गई. प्रदर्शन में प्रमुख रूप से लेखक पत्रकार हरनाम सिंह, अरुण चौहान, सोहनलाल शिंदे, जावेद भाई, राहुल निहुरे, जानकी लाल मरमट सहित समाजवादी पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसयूसीआई के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## छत्तीसगढ़ हिन्दु राष्ट्र अधिवेशन संपन्न




रायपुर. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित शदानी दरबार तीर्थ परिसर में हिन्दू जनजागृति समिति एवं शदानी दरबार तीर्थ के संयुक्त तत्वावधान में राज्यस्तरीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन संपन्न हुआ. इस अधिवेशन में प्रदेश के 250 से अधिक हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों के प्रतिनिधियों, साधु-संतों, प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों ने सहभागिता की. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा राज्य सरकार धर्मांतरण की गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है. आगामी विधानसभा सत्र में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया जाएगा. अधिवेशन में युधिष्ठिरलाल महाराज, रामबालकदास महाराज, महामंडलेश्वर सर्वेश्वरदास महाराज, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, वेदप्रकाशाचार्य महाराज, हिन्दू जनजागृति समिति के महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ संगठक सुनील घनवट, सनातन संस्था के पू. अशोक पात्रीकर, तथा स्वातंत्र्यवीर सावरकर के प्रपौत्र रणजीत सावरकर जैसे अनेक मान्यवरों ने अपने विचार अधिवेशन में रखे. अधिवेशन के दौरान धर्मांतरण कानून की आवश्यकता विषय पर एक परिसंवाद का आयोजन भी हुआ. उक्त जानकारी सुनील घनवट ने दी.

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रतियोगिता



महू. सावन की हरियाली तीज पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा सतरंगी मेले का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए। जिसमें राखी, लहंगा साड़ी, ड्रेस मटेरियल, सूट, गोल्ड एंड डायमंड ज्वेलरी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, किड्स वियर, फुटवियर, हैंडबैग, हाथ से बने मंगोड़ी पापड़ चिप्स, बेडशीट, ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट हैंपर, मल्टी प्रोडक्ट, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए. मेले का विशेष आकर्षण तीज सुंदरी प्रतियोगिता रही. जिसमें प्रथम पायल परदेसी, द्वितीय तृप्ति माहेश्वरी और तृतीय किरण माहेश्वरी रहीं. इसके अलावा पारंपरिक त्योहार की कहानी प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें प्रथम साधना जिंदल, द्वितीय किरण माहेश्वरी, तृतीय तृप्ति माहेश्वरी रहीं. कार्यक्रम में 25 मेधावी छात्रों व राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया. साथ ही 5 नेत्रदानी परिवार व 11 रक्त वीरांगनाओं का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में अंशु गुप्ता, सरिता खंडेलवाल, चंचल अग्रवाल, शीला बंसल, संस्थापिका शकुंतला ढोली, शकुंतला विजयवर्गीय, स्वाति शारदा, सविता खंडेलवाल, उमा गोयल उपस्थित रहीं. अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल ने व संचालन सचिव अंजना बाहेती ने किया. आभार सरोज मित्तल ने माना.

## शिवलिंग का फूलों से विशेष श्रृंगार



इंदौर. नवरतनबाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में सावन का तीसरा सोमवार धूमधाम के साथ मनाया गया. महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में भोलेनाथ का दूध, घी, मेवे और जल से अभिषेक किया गया. प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि शिवलिंग का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया. शिव स्तुति और आरती के बाद फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया. इस मौके पर मीना राणा शाह, ललित परदेशी, सुशील उप्पाध्याय विशेष रूप से उपस्थित थे.

# एक साथ 85 हजार ने ली नशामुक्ति की ई-शपथ

**नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान**
**इंदौर पुलिस का विश्व रिकॉर्ड**
**वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स करेगी प्रमाणित**




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नशे के खिलाफ जनजागृति के लिए चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने सोमवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. शहर में एक साथ 85,003 लोगों ने ऑनलाइन जुड़कर नशे के खिलाफ ई-शपथ ली। यह आयोजन वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में दर्ज होने जा रहा है.**

यह आयोजन इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ जो पलासिया स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित किया गया था. जहां से पुलिस कमिश्नर ने जूम के ज़रिए शहर के 168 संस्थानों से जुड़े छात्र-छात्राओं, नागरिकों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, संस्थानों व कॉरपोरेट ऑफिस के स्टाफ को एक साथ नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रशासन/वित्त अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय मनोज श्रीवास्तव सहित सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी व अन्य स्टाफ मौजूद रहा. सभी ने एक स्वर में नशे के खिलाफ लड़ाई में सहभागी बनने का संकल्प लिया.

### पुलिस का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा

ई-शपथ लेने वालों में स्कूल-कॉलेजों के छात्र, कोचिंग संस्थानों, निजी व सरकारी दफ्तरों, पुलिस थानों व कार्यालयों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए. वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन की प्रतिनिधि अपूर्वा मेनन भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं. उन्होंने बताया कि रिकॉर्ड की पुष्टि के बाद इंदौर पुलिस को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा. इस अभूतपूर्व भागीदारी पर पुलिस कमिश्नर सिंह ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने में जनसहयोग ही सबसे बड़ी ताकत है. पुलिस का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा.

# लव जिहाद फंडिंग केस : दस हजार के फरार पार्षद अनवर कादरी की बेटी दिल्ली से गिरफ्तार

## कोर्ट में पेश कर लिया 3 अगस्त तक रिमांड





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लव जिहाद फंडिंग मामले में फरार कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. जिसके तहत पुलिस ने दिल्ली से उसकी बेटी आयशा को गिरफ्तार किया है, जो फरारी के दौरान लगातार अनवर फर्जी सिम के माध्यम से संपर्क में थी. उसे सोमवार को कोर्ट में पेश कर तीन अगस्त तक रिमांड पर लेकर पुछताछ कर रही है.

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि आयशा से पूछताछ की जा रही है ताकि अनवर की लोकेशन और नेटवर्क से जुड़ी जानकारियां हासिल की जा सकें. पुलिस सूत्रों के मुताबिक आयशा और अनवर दोनों फर्जी सिम कार्ड का इस्तेमाल कर एक-दूसरे और परिवार के अन्य लोगों से संपर्क में थे. दिल्ली में दबिश के दौरान अनवर एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला, लेकिन आयशा पुलिस के हत्थे चढ़ गई. गौरतलब है कि लव जिहाद के लिए फंडिंग करने के गंभीर आरोपों के चलते इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने अनवर कादरी पर 10,000 का इनाम घोषित कर रखा है. उसकी तलाश में पुलिस इंदौर के अलावा महाराष्ट्र स्थित रिश्तेदारों के घरों पर भी दबिश दे चुकी है, लेकिन अब तक वह पकड़ से बाहर है. बताया जा रहा है कि अनवर के फरार होने के बाद उसके परिवार के कई सदस्य भी लापता हो गए हैं. पुलिस को उम्मीद है कि आयशा से पूछताछ में अनवर के फरारी नेटवर्क और संभावित ठिकानों का सुराग मिल सकता है. फिलहाल बाणगंगा पुलिस की निगरानी और दबिश लगातार जारी है.




# गीता भवन में रुद्राभिषेक

**इंदौर.** श्रावण के तीसरे सोमवार को गीता भवन में आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री सहित पांच विद्वानों के निर्देशन में बिल्व पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया गया. माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल की ओर से प्रतिदिन सावन माह में सुबह 7.50 बजे से 9 बजे तक शिव स्तुति पाठ एवं 9 बजे पश्चात रूद्राभिषेक का अनुष्ठान जारी है. मंगलवार को इस अनुष्ठान में माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल की ओर से रामवल्लभ भूतड़ा, गौरीशंकर लोहिया, श्रीमती विमला सोमानी (कोलकाता), सरिता झंवर (सूरत), श्रीमती संतोष बजाज (गुलाबबाग), राजेश भट्टड़, मनमोहन मूंदड़ा, गोप झंवर आदि समाजबंधु शामिल होंगे. आज गीता भवन ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, दिनेश मित्तल, राजेश गर्ग केटी, टीकमचंद गर्ग, हरीश माहेश्वरी के अलावा गीता भवन के सहयोगी बंधुओं सुनील मिश्रा, मोहन शर्मा, विनोद तायड़े, नीलू कौशिक, लल्लू यादव एवं अन्य कर्मचारियों, सुरक्षा गार्ड, तथा चौकीदारों ने भी

# मध्य प्रदेश में जीएसटी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल

## ट्रांसपोर्टरों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, ईमानदारों को परेशान कर रहे अधिकारी, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मध्यप्रदेश में वाणिज्य कर विभाग के अंतर्गत जीएसटी अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं. ट्रांसपोर्ट क्षेत्र से जुड़े व्यवसायियों ने आरोप लगाया है कि जांच के नाम पर ईमानदार कारोबारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों से मोटी रकम लेकर उन्हें खुली छूट दी जा रही है.**

पंजीकृत आल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री, वाणिज्य मंत्री और बिक्री कर आयुक्त को पत्र भेजकर भ्रष्टाचार पर गहरी चिंता जताई है. उन्होंने मांग की है कि जीएसटी जांच अभियानों में पारदर्शिता लाई जाए और ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो जो वसूली के नाम पर ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का शोषण कर रहे हैं.

कपूर ने पत्र में लिखा ईमानदार व्यापारियों को तंग कर, भ्रष्ट अधिकारियों को मौज की छूट देना पूरे तंत्र को खोखला कर रहा है. अगर यह रवैया नहीं बदला गया तो ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित होगा. दिल्ली के कई ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने शिकायत की है कि मध्यप्रदेश में उनकी गाड़ियों को बेवजह रोका जाता है. दस्तावेज पूरे होने के बावजूद खामियाँ बताकर उनसे प्रतिदिन के हिसाब से रिश्वत मांगी जाती है. व्यवसायियों की शिकायत है कि विभागीय अधिकारी कुछ जिलों में जांच अभियान चलाते हैं, लेकिन उद्देश्य कर चोरी रोकना नहीं, बल्कि अवैध वसूली करना होता है. वहीं, जिनके दस्तावेज अधूरे होते हैं, उन्हें पैसे लेकर छोड़ दिया जाता है. एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो ट्रांसपोर्ट सेक्टर में असंतोष और आंदोलन की स्थिति बन सकती है.

## आज से शिव महापुराण कथा व सिद्ध रूद्राक्ष वितरण

महू. जय भोले संगठन किशनगंज महू द्वारा शिव महापुराण कथा एवं सिद्ध रूद्राक्ष वितरण का आयोजन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक किशनगंज स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया जा रहा है. आयोजन के शुभारंभ पर दोपहर 1 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. कथा वाचन का कथा वाचक पं. विपुल कृष्णा महाराज (बड़गोंदा वाले) करेंगे। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं को सिद्ध रूद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा.

## रफ़ी की याद में संगीतमय संध्या 31 को



**इंदौर. संगीत प्रेमियों के लिए एक खास आयोजन ङ्क बावरा कराओके की चौथी निशुल्क प्रस्तुति 31 जुलाई को आयोजित की जा रही है.**

इस कार्यक्रम में उभरते हुए गायक कलाकार महान गायक मोहम्मद रफ़ी को संगीतमय श्रद्धांजलि देंगे. कार्यक्रम राज शांति आशियाना वृद्धा आश्रम, शक्तिनगर गेट नंबर 2, एयरपोर्ट रोड, में शाम 6.30 से रात 9.15 बजे तक आयोजित होगा. बावरा कराओके परिवार ने सभी संगीत प्रेमी श्रोताओं से समय पर पधारने की अपील की है. उक्त जानकारी आयोजक ओ.पी. भारती ने दी.

# फूलों और सूखे मेवों से भोलेबाबा सजे बाबा महाकाल रूप में



**इंदौर.** सावन के तीसरे सोमवार पर शहर के मंदिरों में विभिन्न आयोजन किए गए. भोलेनाथ को विभिन्न रूपों में आकर्षक श्रृंगार कर सजाया गया. भक्त भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहे. श्रीविद्याधाम पर श्रावण के तीसरे सोमवार को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में अभिषेकात्मक लघु रूद्र महायज्ञ किए. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि संध्या को आश्रम परिसर स्थित शिव मंदिर पर पं. लोकेश शर्मा, पं. आशीर्वाद शर्मा एवं उनके साथियों ने सूखे मेवे एवं फूलों से भोलेनाथ का बाबा महाकाल के रूप में मनोहारी श्रृंगार किया, जिनके दर्शनार्थ देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा.



**हंसेश्वर महादेव का महाकालेश्वर के रूप में किया श्रृंगार**-एरोड्रम रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावण के तीसरे सोमवार को हंसेश्वर महादेव का महाकालेश्वर के रूप में मावा, भांग और सूखे मेवे, बिल्व पत्र एवं फूलों से श्रृंगार किया गया. मठ पर हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में श्रावण मास के उपलक्ष्य में सुबह विद्वान आचार्यों द्वारा महामृत्युंजय महामंत्र जाप, अभिषेक, पूजन के अनुष्ठान किए जा रहे हैं. मठ के महामंडलेश्वर महंत पं.पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर मठ स्थित सभी देवालयों का आकर्षक श्रृंगार किया गया. सुबह से ही मठ पर भक्तों के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया था। देर शाम तक भक्तों का मेला जुटा रहा.

**शुभ सिटी में राम रामेश्वर महाराज का भव्य श्रृंगार**



इंदौर. श्रावण मास के पावन अवसर पर शुभ सिटी में धार्मिक आस्था और भक्ति भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला. श्रवण माह के तीसरे सोमवार को श्री राम रामेश्वर जी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन लाभ लिया.

इस अवसर पर महादेव का दिव्य श्रृंगार उर्वशी अग्निहोत्री द्वारा निष्ठा के साथ किया गया. मंदिर परिसर का वातावरण अत्यंत मनोहारी और आध्यात्मिक हो गया. श्रृंगारित महादेव के दर्शन कर भक्तों ने मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की. आयोजन स्थल पर भजन, आरती और प्रसादी वितरण भी हुआ.

एक नजर में

**दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों का स्वालंबन शिविर**

# देश की प्रगति में दिव्यांग बच्चों का भी होगा योगदान




**इंदौर. दिव्यांग बच्चे इस पांच दिवसीय स्वावलंबन शिविर में सीख रहे हैं. वह मैंने उनको विभिन्न विद्याओं में पारंगत होते देखा और अलग अलग वस्तुओं को बनाते देखा. संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, मिसो, वास्तव में सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास के मोदी विजन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है.**

ये बच्चे स्वावलंबी बन दूसरों को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाएंगे, देश का प्रत्येक युवा स्व रोजगार में स्थापित हो जाए तब देश की जीडीपी गतिमान हो जाएगी. देश स्वाभिमान और गौरव के साथ प्रगतिशील रहेगा जिसमें इन बच्चों का योगदान अव्वल माना जाएगा.

उक्त विचार छत्तीसगढ़ की समाज कल्याण, महिला, बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने व्यक्त किए. उन्होंने अपने इंदौर प्रवास के दौरान दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के पांच दिवसीय शिविर होटल एचआर ग्रीन में शिविर की विभिन्न गतिविधियों के अवलोकन किया.

स्वावलंबन पर बच्चों की कार्यशाला की विभिन्न कक्षाओं का गहन अवलोकन अशोक जैन, अरुण कुमार जैन, कावड़िया ने करवाया. इस दौरान अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद पुष्प जैन द्वारा आधिकारिक सरकारी स्थिति और वास्तविक कार्य करने में आने वाली परेशानियों के बीच अपना काम किस तरह से संपन्न किया जाए.

इस पर प्रकाश डालते हुए मंत्री को ठोस दिशा में सही काम किस तरह किया जाए इसकी प्रेरणा दी. अतिथियों का स्वागत हुलास बेताला ने किया.

स्मृति चिन्ह पुष्प जैन, प्रकाश भटेवरा, हुल्लास बेताला, लोकेश कावड़िया, अरुण कुमार जैन, सुभाष वन्यायक्या आदि ने किया. स्वागत भाषण जितेन्द्र चोपड़ा ने दिया, अतिथि परिचय लोकेश कावड़िया ने दिया और आभार पियूष जैन ने माना.

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: तृतीय तल, एडीडी इंडिया टॉवर, सेक्टर 125, नोएडा-201303
CIN: U65900DL2020PLC366027

**कब्जे की सूचना (अचल संपति के लिए) नियम 8(1)**

चूँकि
अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत शिवालिक लघु वित्त बैंक (अर्थात शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण खाता संख्या 103041547018 के लिए दिनांक 12-06-2025 को एक माँग सूचना जारी की है, जिसमें 1. ईश्वर सिंह पुत्र श्री रुघुनाथ सिंह (ऋणी/बंधककर्ता) निवासी मकान संख्या है। 12, ग्राम खेड़ा चितावलिया नांदेड़ उज्जैन मध्य प्रदेश 456668, 2. श्रीमती दुर्गा पत्नी श्री ईश्वर सिंह (सह-उधारकर्ता) निवासी मकान नं. 12, ग्राम खेड़ा चितावलिया नांदेड़ उज्जैन मध्य प्रदेश 456668, 3. श्री रूघनाथ पुत्र श्री बापू सिंह (सह-उधारकर्ता) निवासी मकान नं. 12, ग्राम खेड़ा चितावलिया नांदेड़ उज्जैन मध्य प्रदेश 456668, 4. श्रीमती कैलाश बाई पत्नी श्री रूघनाथ सिंह (सह-उधारकर्ता) निवासी मकान नं. 12, ग्राम खेड़ा चितावलिया नांदेड़ उज्जैन मध्य प्रदेश 456668 को नोटिस में उल्लिखित राशि 8,90,000/- रुपये (आठ लाख नब्बे हजार रुपये मात्र) को ऋण देने का अनुरोध किया गया उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाना होगा। ऋणी द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, ऋणी(कों) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वर्ष 2025 की 28 जुलाई को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी(कों) और आम जनता को विशेष रूप से इस संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड पर **रू. 8,90,000/- (आठ लाख नब्बे हजार रुपये मात्र)** की राशि और उस पर ब्याज का भार रहेगा। ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूति परिसंपत्तियों के मोचन हेतु उपलब्ध समय के संबंध में है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति पर समतुल्य बंधक:**

**भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 489.96 वर्ग मीटर है। सर्वेक्षण संख्या 474/1, ग्राम चितावली खेड़ा, स्त्रँ नंबर 13, तहसील माकड़ोन, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश में स्थित है। राजस्व अभिलेखों में क्रमांक टढ43202202431 1094065 दिनांक 03-09-2024 के अनुसार पंजीकृत। श्री ईश्वर सिंह पुत्र श्री रुघुनाथ सिंह के नाम पर।**
**सीमा: उत्तर अन्य भूमि, दक्षिण सड़क, पश्चिम 10 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व अन्य भूमि**

**सीमा:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तर | अन्य भूमि | दक्षिण | सड़क |
| पश्चिम | 10 फीट चौड़ी सड़क | पूर्व | अन्य भूमि |

दिनांक: 28-07-2025
स्थान: उज्जैन
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**कब्जा नोटिस**

जबकि, जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ताओं(ओं) को मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि वे नोटिस की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को ब्याज सहित उक्त नोटिस में उल्लिखित दरों पर चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि पर ब्याज भी अदा करें।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 45579420001020 | 1) श्री जीतेन्द्र, पुत्र. नर सिंह, 2) श्रीमती मांगी बाई, पत्नि नर सिंह | 12.05.2025, ₹ 8,61,656.00 (आठ लाख इकसठ हजार छह सौ छप्पन मात्र) 04.05.2025 तक | दिनांक: 25.07.2025 समय: सुबह 9.40 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरण: नगरपालिका भवन क्रमांक 375 के पश्चिमी भाग का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 37.17 वर्ग मीटर है, और उस पर निर्माण कार्य भी शामिल है। भूमि सर्वेक्षण क्रमांक 1197/1 का भाग, प्रकाश नगर मोहल्ला, गली क्रमांक 01 के पास, कोटा फाटक, ग्राम पाडल्याकलां, नगर पालिका निगम नागदा के वार्ड क्रमांक 23, तहसील नागदा एवं जिला उज्जैन (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व में विक्रेता के शेष मकान का भाग, पश्चिम में आम सड़क, उत्तर में साजन बाई बंजारा का मकान और दक्षिण में आम सड़क से घिरा हुआ है। | | | |
| 2 | 36410430000447 | 1) श्री गोपाल, पुत्र. रतनलाल, 2) श्रीमती कृष्णाबाई, पत्नि गोपाल | 12.05.2025, ₹ 3,60,320.94 (तीन लाख साठ हजार तीन सौ बीस और चौरानवे पैसे मात्र) 04.05.2025 तक | दिनांक: 25.07.2025 समय: सुबह 11.25 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरण: भूखंड/मकान संख्या 608 (पी) वाला वह समस्त भूखंड, जिसका कुल क्षेत्रफल 2023.68 वर्ग फुट (188 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण कार्य भी शामिल है, ब्लॉक संख्या 525/5 (बी), पी.एच. संख्या 00036, ग्राम खारवा कलां, तहसील ताल एवं जिला रतलाम (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में भेरूनाथ का मकान, पश्चिम में राजेश हरण का भूखंड, उत्तर में राजेश हरण का भूखंड और दक्षिण में सड़क। | | | |
| 3 | 45589420000309 & 45589410000871 | 1) श्री मुमतजा खान, पुत्र मोहम्मद खान, 2) श्रीमती पारो बी, पत्नि मुमतजा खान, 3) श्री. मोईन पुत्र मुमतजा खान | 12.05.2025, रु.13,77,181.50 (तेरह लाख सतहत्तर हजार एक सौ इक्यासी और पचास पैसे मात्र) 04.05.2025 तक | दिनांक: 25.07.2025 समय: दोपहर 12.55 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरण: खसरा संख्या 465/1-मिन का वह समस्त भूखंड, जिसका कुल क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट (69.67 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण सहित, नगर पालिका खाचरोद, तहसील खाचरोद एवं जिला उज्जैन (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर ग्राम/कस्बा खाचरोद में स्थित है। सीमाः पूर्व मेंः सड़क, पश्चिम मेंः रमेश तोषनीवाल का मकान, उत्तर मेंः लक्ष्मीनारायण का प्लॉट और दक्षिण मेंः सुरेश अरोड़ा का प्लॉट। | | | |
| 4 | 36410430000408 | 1) श्री दिनेश, पुत्र. मांगीलाल चौधरी, 2) श्रीमती कला बाई, पत्नि मांगीलाल चौधरी | 12.05.2025, ₹ 5,11,759.90 (पाँच लाख ग्यारह हजार सात सौ उनसठ और नब्बे पैसे मात्र) 04.05.2025 तक | दिनांक: 25.07.2025 समय: शाम 4.20 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरण: प्लॉट/मकान संख्या 28 वाली जमीन का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 2500 वर्ग फुट है। (232.34 वर्ग मीटर), उस पर निर्माण सहित, सर्वे क्रमांक 150, पी.एच. क्रमांक 00001 का भाग, ग्राम राजगढ़ में, ग्राम पंचायत बनवाड़ा, तहसील नागदा और जिला उज्जैन (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व में कालू पुत्र नंदा जी का मकान, पश्चिम में नाथू जी का मकान, उत्तर में सड़क और दक्षिण में सरकारी भूमि से घिरा हुआ। | | | |
| 5 | 46500430000299 | 1) श्री कमल सिंह गुर्जर, पुत्र शिव लाल गुर्जर, 2) श्रीमती सोनी गुजरान, पत्नि कमल सिंह गुर्जर | 23.04.2025, ₹ 4,40,224.44 (चार लाख चालीस हजार दो सौ चौबीस और चौवालीस पैसे मात्र) 11.04.2025 तक | दिनांक: 28.07.2025 समय: दोपहर 12.40 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरण: मकान संख्या 34/1, कुल क्षेत्रफल 1400 वर्ग फुट (130.11 वर्ग मीटर), ग्राम आबादी सर्वेक्षण संख्या 161, पुलिस चौकी संख्या 59, ग्राम खरहर खेड़ी में स्थित, ग्राम पंचायत मताना, तहसील मोहन बड़ोदिया और जिला शाजापुर (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित भूमि का वह पूरा टुकड़ा। पूर्व में शंकर का मकान, पश्चिम में दिलीप का मकान, उत्तर में स्कूल और दक्षिण में सड़क। | | | |
| 6 | 46500430000072 | 1) श्री संतोष कुमार, पुत्र राजाराम प्रजापत, 2) श्रीमती मनु बाई प्रजापत, पत्नि राजा राम | 09.05.2025, ₹ 4,82,227.87 (चार लाख बयासी हजार दो सौ सत्ताईस और सतासी पैसे मात्र) 04.05.2025 तक | दिनांक: 28.07.2025 समय: दोपहर 01.25 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरण: प्लॉट/मकान संख्या 30 वाला वह पूरा भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 1400 वर्ग फुट (130.11 वर्ग मीटर) है, उस पर निर्माण सहित, खसरा संख्या 811 का भाग, पी.एच. क्रमांक 132, वार्ड क्रमांक 04, ग्राम मटेवा में, ग्राम पंचायत मटेवा, तहसील मोहन बड़ोदिया एवं जिला शाजापुर (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व में सड़क, पश्चिम में गिरिराज जी का मकान, उत्तर में सड़क एवं दक्षिण में खाली भूमि से घिरा है। | | | |

चूंकि, ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं/गारंटर/बंधककताओं और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 29.07.2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)
पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, सर्वे नं.10/1, 11/2 और 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालयः प्लॉट नं.306-ए, पीयू 4, स्कीम नं.54, कंट्री इन होटल के पास, मेन ए.बी. रोड, विजय नगर, इंदौर-452010।